# A5(I)

## Pedagogy of Teaching (Hindi)

B. Ed. Special Education (BEDSEDE–15)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. माध्यमिक स्तर पर हिन्दी पाठ्यक्रम में हुए परिवर्तनों का आंकलन कीजिए।
2. पाठ योजना के संरचनात्मक उपागम के बारे में उदाहरण सहित समझाइए।
3. हिन्दी साहित्य की किन्हीं दो आधुनिक विधाओं का हिन्दी शिक्षण में महत्व समझाइए।

4. संस्कृत से हिन्दी के उद्‌भव की प्रक्रिया बताते हुए विश्व भाषा एवं भविष्य भाषा के रूप में हिन्दी के विकास का आंकलन कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. किसी एक गद्य प्रकरण को लेकर हिन्दी शिक्षण के ज्ञानात्मक, बोधात्मक, कौशलात्मक व रुचिगत उद्‌देश्यों का निर्धारण कीजिए।
2. माध्यमिक स्तर पर व्याकरण शिक्षण की उपयोगिता की समीक्षा कीजिए।
3. हिन्दी शिक्षण में कॉम्पैक्ट डिस्क व कैसेट्स के प्रयोग के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
4. बोली, विभाषा एवं मानक भाषा की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
5. हिन्दी शिक्षण में पत्रिकाओं एवं अखबार के प्रयोग के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
6. हिन्दी शिक्षण में टेलीविजन, कम्प्यूटर एवं विश्वजाल के सहायक उपकरणों की उपयोगिता की समीक्षा कीजिए।
7. अनुवर्ती चिन्तन की आवश्यकता एवं महत्व की समालोचना कीजिए।

8. विद्यार्थियों के भाषा अधिगम का संचयी वृत्त बनाइए। इसका महत्व भी लिखिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भाषा अधिगम के कौशल हैं :
   (अ) तीन
   (ब) पाँच
   (स) चार
   (द) छः

2. अनुग्रहण किस उद्देश्य पक्ष में आता है ?
   (अ) भावात्मक
   (ब) मनो-पेशीय
   (स) ज्ञानात्मक
   (द) सभी में

3. कॉम्पैक्ट डिस्क कैसा उपकरण है ?
   (अ) दृश्य
   (ब) श्रव्य
   (स) दृश्य-श्रव्य
   (द) कोई नहीं

4. वाचन शिक्षण का उद्देश्य है :
   (अ) पढ़ने के कौशल
   (ब) बोलने के कौशल
   (स) (अ) एवं (ब) दोनों
   (द) कोई नहीं

5. भाषा का मुख्य तत्व है :
   (अ) अभिव्यक्ति
   (ब) भाव एवं विचार
   (स) (अ) एवं (ब) दोनों
   (द) कोई नहीं

6. भाषा का मुख्य कौशल है :
   (अ) पढ़ना
   (ब) लिखना
   (स) बोलना
   (द) सभी

7. शिक्षक पाठ्य पुस्तक का उपयोग करता है :
   (अ) अध्ययन में
   (ब) पाठयोजना में
   (स) कक्षा अनुदेशन में
   (द) सभी में

8. निगनात्मक तर्क का विकास किसने किया ?
   (अ) अरस्तू

(ब) सुकरात

(स) जॉन डीवी

(द) रूसो

9. पोर्टफोलियो निम्नलिखित में से है :

(अ) विद्यार्थी का रिपोर्ट कार्ड

(ब) आकलन रणनीति

(स) जीवनवृत्त

(द) कोई नहीं

10. डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू. का पूर्ण रूप है :

(अ) वर्ल्ड विजडम वेब

(ब) वर्ल्ड वाइड वेब

(स) वर्ल्ड वैल्थ वेब

(द) कोई नहीं